हिमाचल प्रदेश तेरहवीं विधान सभा

(अष्टम् सत्र)

मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न

शनिवार, 14 मार्च, 2020/24 फाल्गुन, 1941 (शक्)

[मुख्य मन्त्री - जल शक्ति मन्त्री - शिक्षा मन्त्री - शहरी विकास मन्त्री - कृषि मन्त्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री - उद्योग मन्त्री - वन मन्त्री तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री].

कुल प्रश्न - 46

Foreign Funding

***2756 श्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खु (नदौन):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) प्रदेश में उद्यान विभाग द्वारा foreign funding से कितनी परियोजनाएं चलाई जा रही हैं; ब्यौरा परियोजनावार दें; और

(ख) सरकार नई परियोजनाएं लाने हेतु क्या पग उठा रही है?

मिनी स्टेडियम

***2757 श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी) :**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) राजकीय उच्च पाठशाला ध्याल के मिनी स्टेडियम का कार्य कब से लंबित पड़ा है; इसके निर्माण पर कितनी धनराशि व्यय की गई है तथा कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा;

(ख) राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नम्होल के पैवेलियन हेतु कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया; इसका निर्माण कार्य कब शुरू हुआ तथा कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा; और

(ग) यह सत्य है कि ठेकेदार को धनराशि की अदायगी नहीं की गई है; यदि हां, तो यह अदायगी कब तक कर दी जाएगी?

धौलासिद्ध जल विद्युत परियोजना

*2758 **श्री राजेन्द्र राणा(सुजानपुर) :**
श्री रमेश चंद ध्वाला(ज्वालामुखी) :

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) धौलासिद्ध विद्युत परियोजना के लिए कितनी सरकारी, कितनी वन विभाग की और कितनी निजी भूमि अधिग्रहित की जा रही है; जिलावार ब्यौरा दें;

(ख) इस परियोजना हेतु नियमों के अंतर्गत भूमि अधिग्रहण किया जा रहा है या SJVNL अपने स्तर पर ही भूमि क्रय कर रहा है; यदि हां, तो सरकार ने इस सन्दर्भ में क्या दिशा-निर्देश जारी किए हैं; प्रति सभा पटल पर रखें;

(ग) यह सत्य है कि सरकार द्वारा किसानों की भूमि अधिग्रहण करने हेतु समिति गठित की गई है; यदि हां, तो गत वर्ष दिनांक 31.01.2020 तक कितनी बैठकें हुई हैं; ब्यौरा दें; यदि नहीं, तो कारण;

(घ) यह परियोजना कितने मैगावाट क्षमता की है व इसके निर्माण हेतु कितनी धनराशि का प्रावधान है; और

(ङ) इस परियोजना से कितने परिवार प्रभावित या विस्थापित हुए हैं तथा क्या सभी विस्थापित परिवारों को मुआवजा दिया जा चुका है; ब्यौरा मुआवजा राशि सहित दें?

भवन निर्माण

*2759 **श्री अरुण कुमार(नगरोटा) :**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) नगरोटा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितने स्कूलों के भवन जीर्ण-शीर्ण अवस्था में हैं; कितने विद्यालयों में अतिरिक्त शैक्षणिक भवन व शौचालय निर्माण की आवश्यकता है; और

(ख) सरकार इन भवनों तथा शौचालयों के निर्माण हेतु क्या पग उठा रही है; ब्यौरा दें?

Employment on Compassionate Grounds

***2760 Sh. Rakesh Singha (Theog):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state :-

(a) during the last three years upto 31.01.2020, how many employees including out sourced, contract and others of the State Electricity Department have died while on duty; details alongwith date and cause of death be given; and

(b) has the dependent of such deceased employees been given compassionate employment and family pension as per the pension rules; if not, the reasons for the same?

तटीयकरण

***2761 कर्नल इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि बरछवाड़ से जाहू तक सीर खड्ड के तटीयकरण का कार्य आरम्भ नहीं किया गया है; यदि हां, तो कार्य कब तक आरम्भ कर दिया जाएगा;

(ख) यह सत्य है कि कुछ ऐसे स्थानों को चिन्हित किया गया है जहां बाढ़ के कारण लोगों के जान-माल को खतरा बना रहता है; और

(ग) यदि हां, तो सरकार सुरक्षा की दृष्टि से क्या पग उठा रही है; ब्यौरा दें?

वनों में वृद्धि

***2762 श्री जवाहर ठाकुर (दरंग):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) प्रदेश में राष्ट्रीय सर्वेक्षण के अनुरूप वन क्षेत्र में कितनी वृद्धि हुई है; ब्यौरा दें;

(ख) क्या इस वृद्धि में वनों के समीप रहने वाले स्थानीय निवासियों की भी भूमिका रही है; और

(ग) यदि हां, तो इन स्थानीय निवासियों के इस योगदान के बदले में मूलभूत सुविधाओं जैसे स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क व पीने के पानी इत्यादि के लिए FRA के अंतर्गत अनुमतियां

प्रदान की जाएंगी; यदि नहीं, तो कारण?

जल जीवन मिशन

***2763** **श्री सुरेन्द्र शौरी (बन्जार)**:

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि बंजार विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में 'जल जीवन मिशन' के अंतर्गत कितनी योजनाएं स्वीकृत हुई हैं और इन योजनाओं के लिए कितनी धनराशि स्वीकृत हुई है; ब्यौरा योजनावार दें?

बसों में यात्रा सुविधा

***2764** **श्री राजिन्द्र गर्ग (घुमारवीं)**:

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि अपंग व्यक्तियों के मुफ्त यात्रा पास केवल प्रदेश में ही मान्य हैं; यदि हां, तो सरकार इस सुविधा को प्रदेश के बाहर भी प्रदान करने का विचार रखती है?

पटवार वृत्त

***2765** **श्री विनय कुमार (श्री रेणुकाजी)**:

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) रेणुका विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में कुल कितने पटवार वृत्त हैं; और

(ख) तहसील नोहराधार, संगड़ाह व ददाहू के अंतर्गत पटवारियों के कितने पद कब से रिक्त हैं और सरकार इन्हें भरने हेतु क्या पग उठा रही है?

पदोन्नति

***2766** **श्री आशीष बुटेल(पालमपुर) :**
श्री सुन्दर सिंह ठाकुर(कुल्लू) :

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) प्रदेश में कितने वन रक्षकों को B.Sc. (Forestry) करने हेतु नौणी विश्वविद्यालय के

लिए प्रायोजित किया गया है और उनमें से कितने वन परिक्षेत्र अधिकारी के पद पर पदोन्नत किए गए हैं तथा कितने डिग्रीधारक वन रक्षक पदोन्नति हेतु शेष हैं; ब्यौरा नाम सहित दें; और

(ख) सरकार क्या इनको एकमुश्त छूट प्रदान करते हुए वन परिक्षेत्र अधिकारी के पद पर पदोन्नत करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; ब्यौरा दें?

Car Parking

***2767 Sh. Narinder Thakur (Hamirpur):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state whether it is a fact that Car Parking is under construction near the Mini Secretariat Hamirpur; if yes, by when it will be completed ?

सड़कों की अद्यतन स्थिति

***2768 श्री मोहन लाल ब्राक्टा(रोहड़ू) :**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि धमवाडी-तांगनु-जांगलिक, गोंसारी-रोढ़ी वाया गोसकवाढ़ी, मढारली-करछारी-शलान तथा चिड़गांव-चिलाला सड़कों के निर्माण कार्य की अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा दें?

अवैध खनन की रोकथाम

***2769 श्री मुकेश अग्निहोत्री (हरोली):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) सरकार अवैध खनन को रोकने हेतु सरहदी क्षेत्रों में बैरियर व धर्मकांटे लगाने तथा स्वां नदी को पहुंच रहे नुकसान के दृष्टिगत डिजिटल व ड्रोन कैमरों से मॉनिटरिंग करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक;

(ख) यह सत्य है कि लीज़ धारकों को माइनिंग क्षेत्र में बुर्जियां लगानी पड़ती है; यदि हां, तो बुर्जियों के बाहर सरकारी या वन क्षेत्र में हुए खनन हेतु सरकार कार्रवाई करने का विचार रखती है; और

(ग) स्वां में पोकलेन-जे0सी0बी0 से किए जा रहे खनन पट्टो की लीज़ रद्द करने तथा ओवर लोड टिप्पर और डम्परों के विरुद्ध सरकार क्या कार्रवाई कर रही है?

लोकल एरिया डवलपमेंट फंड

***2770 श्री जगत सिंह नेगी (किन्नौर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार हाइड्रो प्रोजैक्टस में लोकल एरिया डवलपमेंट फंड को 1.5% से 3% करने का विचार रखती है?

पदपूर्ति

***2771 श्री अर्जुन सिंह (ज्वाली):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि नगरोटा सूरियां अस्पताल का दर्ज़ा बढ़ाया गया है; यदि हां, तो विभिन्न श्रेणियों के कितने पद स्वीकृत किए गए हैं;

(ख) सरकार कोटला अस्पताल का उन्नयन करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; और

(ग) ज्वाली विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों में विभिन्न श्रेणियों के कितने पद स्वीकृत हैं; कितने रिक्त हैं तथा इन्हें भरने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

Roads/Parks

***2772 Sh. Lakhvinder Singh Rana (Nalagarh):**

Will the **Industries Minister** be pleased to state :-

(a) whether it is a fact that BBNDA is constructing roads and parks within their jurisdiction; details of money spent on each developmental activity, be given;

(b) does the land on which such works are taking place belongs to BBNDA; details of land be given; and

(c) have the private land owners registered their lands where the work is executed or provided affidavits in favour of BBNDA if yes, provide details of such registrations or Affidavits?

पहचान पत्र

***2773 श्री इन्द्र सिंह (बल्ह):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार मन्त्रियों/ विधायकों के साथ कार्यरत सुरक्षा कर्मियों को 'PSO Attached with Minister/Member' पहचान पत्र जारी करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

पदपूर्ति

***2774 श्री किशोरी लाल (आनी):**

क्या **कृषि मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि आनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कृषि विभाग में विभिन्न श्रेणियों के कितने पद स्वीकृत हैं; कितने रिक्त हैं तथा रिक्त पदों को कब तक भर दिया जाएगा; ब्यौरा दें ?

रेल लाइन

***2775 श्री परमजीत सिंह (दून):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि चण्डीगढ़-बद्दी रेल लाइन की अद्यतन स्थिति क्या है?

नाबार्ड से स्वीकृत धनराशि

***2776 श्री राकेश जम्वाल (सुन्दरनगर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत 2 वर्षों में दिनांक 31.01.2020 तक सुन्दरनगर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र को नाबार्ड के अंतर्गत कौन-कौन सी योजनाएं प्रस्तावित है तथा विभिन्न योजनाओं हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत की गई; और

(ख) जिला मण्डी के अन्य विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों हेतु नाबार्ड से कितनी धनराशि स्वीकृत हुई है; ब्यौरा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार दें?

Appointment of Trainers

***2777 Sh. Vikramaditya Singh (Shimla Rural):**

Will the **Industries Minister** be pleased to state :-

(a) is it a fact that trainers appointed through student Welfare Fund IMC in Technical Education Department are to be converted on contract basis after completion of 9600 hours in service as per the notification of the Government;

(b) if yes, how many trainers have completed 9600 hours and when; and

(c) whether the Government will convert these trainers on contract basis from the date of completion of 9600 hours and will they be given seniority and financial benefits from that date?

औहर बागवानी विस्तार केंद्र

***2778 श्री सुभाष ठाकुर (बिलासपुर):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार औहर में बागवानी विस्तार केन्द्र को पुनः चलाने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

Construction of Helipad

***2779 Sh. Anil Sharma (Mandi):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state whether it is a fact that the Government is planning to construct a Helipad under Udaan-2 in Mandi town; if yes, by when?

डिपो व सब-डिपो

***2780 श्री सुख राम (पांवटा साहिब):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में 01 जनवरी, 2018 से 31 जनवरी, 2020 तक पथ परिवहन निगम के कितने डिपो व सब-डिपो स्वीकृत किए गए; उनके कार्यशील होने की अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा दें?

सिंचाई योजनाएं

***2781 श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी) :**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गंभरोला-चिल्ला, लोअर कोठीपुरा लघु सिंचाई योजनाएं तथा नेरी-जामली, सिकरोहा-चंदपुर-चम्बयारा उठाऊ सिंचाई योजनाओं की अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा दें?

विद्युत परियोजनाएं

***2782 श्री रमेश चंद ध्वाला (ज्वालामुखी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 31.01.2020 तक, प्रदेश में निजी क्षेत्र में विद्युत परियोजनाओं की स्थापना से सम्बन्धित कितने मामले लंबित हैं; परियोजना के नाम तथा उत्पादन क्षमता सहित ब्यौरा दें; और

(ख) इन परियोजनाओं के निष्पादन में देरी के क्या कारण हैं तथा देरी के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध सरकार क्या कार्रवाई कर रही है; ब्यौरा दें?

राजकीय महाविद्यालय बड़ोह

***2783 श्री अरुण कुमार (नगरोटा):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि नगरोटा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत राजकीय महाविद्यालय बड़ोह के भवन निर्माण हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत की गई है; कितनी व्यय की गई है; कितनी शेष है और निर्माण कार्य की अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा दें?

Money Spent on Maintenance

***2784 Sh. Rakesh Singha (Theog):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state how much amount of money has been spent for cutting road side grass and putting mud and sand on roads where snow has been removed by the PWD; divison wise name and addresses of the contractors who have been provided work during the last one year in the State be given?

विश्राम गृह

***2785 कर्नल इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार सरकाघाट विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत बलद्वाड़ा में लोक निर्माण विभाग का विश्राम गृह बनाने का विचार रखती है; यदि हाँ, तो कब?

भवन निर्माण

***2786 श्री सुरेन्द्र शौरी (बन्जार):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र थाटीबीड़ (बंजार) के भवन निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है?

रोज़गार

***2787 श्री राजिन्द्र गर्ग (घुमारवीं):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) यह सत्य है कि प्रदेश में तृतीय व चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों के चयन हेतु हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड से दसवीं अथवा 12वीं कक्षा उत्तीर्ण करने वाले ही पात्र होंगे; और

(ख) यदि हां, तो जो लोग प्रदेश के बाहर व्यवसाय कर रहे हैं और उनके बच्चे बाहर पढ़ रहे हैं; क्या वह प्रदेश में तृतीय व चतुर्थ श्रेणी पदों पर नियुक्ति हेतु पात्र हैं या नहीं; ब्यौरा दें?

कैंपों का ब्यौरा

***2788 श्री विनय कुमार (श्री रेणुकाजी):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) सिरमौर जिला में पशुपालन विभाग द्वारा लोगों को जानकारी देने हेतु कितने कैंप कहां लगाए गए; इन पर कुल कितनी धनराशि व्यय हुई और कितने पशुपालकों को इन कैंपों से लाभ मिला; ब्यौरा दें; और

(ख) सिरमौर जिला में पशुपालन विभाग के अस्पताल व डिस्पेंसरी में कौन-कौन से पद रिक्त पड़े हैं; विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार ब्यौरा दें?

Status of Road

***2789 Sh. Ashish Butail(Palampur) :**

Will the **Chief Minister** be pleased to state :-

(a) whether it is a fact that funds have been sanctioned for repair/construction/paving of road in Industrial area Nagri, Palampur;

(b) if so, when and how much amount has been sanctioned;

(c) whether the work has been started; if not, reasons thereof;

(d) what is the latest position of road built between Rajnali in Thalla Panchayat and Bhagotla-Kalichhamb; and

(e) have the private land holders registered the deeds in favour of PWD; if yes, details be given?

Boom Barrier

***2790 Sh. Narinder Thakur (Hamirpur):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state :-

(a) whether it is a fact that Boom Barrier installed near Railway Board Building, Shimla is causing hindrance to free movement of the pedestrians; and

(b) if so, by when this boom barrier will be removed?

स्वीकृत धनराशि

***2791 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 2 वर्षों में दिनांक 31.01.2020 तक रोहड़ू मण्डल के अन्तर्गत डोडरा क्वार में CAT Plan, Soil Conservation व अन्य योजनाओं के तहत कितनी धनराशि स्वीकृत की गई और कहां-कहां व्यय की गई; ब्यौरा ठेकेदारों के नाम सहित दें?

शराब के ठेकों की नीलामी

***2792 श्री मुकेश अग्निहोत्री (हरोली):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि इस वर्ष शराब के ठेकों की नीलामी नहीं की गई है; यदि हां, तो कारण;

(ख) सरकार ने शराब की दरों में बढ़ोतरी करने का निर्णय लिया है; यदि हां, तो कितनी प्रतिशत बढ़ोतरी की गई है;

(ग) प्रदेश में कुल कितने ठेके हैं सरकार ने देर रात तक ठेके -अहाते-रैस्टोरेन्ट खुले रखने का फैसला किया है; यदि हाँ, तो कितने बजे तक ब्यौरा दें; और

(घ) गत 2 वर्षों में दिनांक 31.01.2020 तक शराब की दुकानों में कितनी बढ़ोतरी हुई है और कितनों को एक्सटेंशन दी गई है; ब्यौरा दें?

कालका-शिमला फोरलेन

***2793 श्री जगत सिंह नेगी (किन्नौर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि कालका सोलन फोरलेन का कार्य धीमी गति से चल रहा है तथा सोलन से ढली सड़क का निर्माण कार्य बन्द पड़ा है; यदि हां, तो कारण; और

(ख) गत वर्ष दिनांक 31.01.2020 तक इस कार्य के लिए कितनी धनराशि स्वीकृत हुई व कितनी व्यय की गई?

कृषि योग्य भूमि

***2794 श्री अर्जुन सिंह (ज्वाली):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि पौंग बांध क्षेत्र की खाली कृषि योग्य भूमि पर खेती-बाड़ी करने पर प्रतिबन्ध लगाया गया है; यदि हां, तो कारण;

(ख) वाइल्ड लाइफ सैंचुरी रेंज में कितने भवन बने व उन पर कितनी धनराशि व्यय की गई;

(ग) 31 जनवरी, 2020 से 3 फरवरी, 2020 तक मनाए गए Wet Land days व पक्षियों की गणना करने हेतु किए गये कार्यक्रम में कितने पक्षियों की गिनती की गई तथा गत 3 तीन वर्षों में दिनांक 31.01.2020 तक प्रति वर्ष पक्षियों की संख्या में कितनी भिन्नता पाई गई; वर्षवार ब्यौरा दें; और

(घ) दिनांक 01 फरवरी, 2020 को कार्यक्रम में रात्रि भोजन का आयोजन कहां किया गया व इस पर कितनी धनराशि व्यय की गई?

Developmental Schemes

***2795 Sh. Lakhvinder Singh Rana (Nalagarh):**

Will the **Urban Development Minister** be pleased to state :-

(a) during the last 2 years upto 31.01.2020, which developmental schemes have been carried out by Municipal Committee Nalagarh; details of tenders, amount sanctioned headwise and latest position of schemes be given; and

(b) during this period, how many people have been benefitted from sanctioned amount to build houses; details be given?

सीवरेज सिस्टम

***2796 श्री इन्द्र सिंह (बल्ह):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार बल्ह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत नेरचौक शहर व आस-पास के शहरों में सीवरेज सिस्टम स्थापित करने का विचार रखती है; यदि हां, तो ब्यौरा दें?

उप-मण्डल न्यायालय

***2797 श्री परमजीत सिंह (दून):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार बद्दी में सब जज कोर्ट (Sub Judge Court) खोलने का विचार रखती है ; यदि हां, तो कब तक ?

Accidents

***2798 Sh. Vikramaditya Singh (Shimla Rural):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state :-

(a) during the last 2 years upto 31.01.2020, how many accidents have taken place on Kalka-Nalagarh road;

(b) how many people have lost their lives; and

(c) whether the Government is considering widening of this road; if yes, by when?

नगर एवं ग्राम योजना

***2799 श्री सुभाष ठाकुर (बिलासपुर):**

क्या **शहरी विकास मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि प्रदेश के जो ग्रामीण क्षेत्र नगर एवं ग्राम योजना के अंतर्गत लिए गए हैं उन्हें सरकार बाहर करने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

Widening of Road

***2800 Sh. Anil Sharma (Mandi):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state :-

(a) is it a fact that the Government is planning to acquire private land on School Bazar (Mandi town) to widen the road; if yes, by when the acquisition of land will be started; if no, what is the alternative plan; and

(b) does the Government has any plan to control traffic congestion towards Circuit House?

अनापत्ति प्रमाण पत्र

***2801 श्री सुख राम (पांवटा साहिब):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि दिनांक 01 जनवरी, 2018 से 31 जनवरी, 2020 तक प्रदेश में लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्माण हेतु कितनी ऐसी सड़कें लम्बित पड़ी हैं जिनका अनापत्ति प्रमाण-पत्र वन विभाग द्वारा दिया जाना है; मण्डलवार ब्यौरा सभा पटल पर रखें?

शिमलाः 171004. **यशपाल शर्मा,**
दिनांकः 27 फरवरी, 2020 . **सचिव।**